(b) Does not arise.

(c) and (d) DTC's losses have been increasing on account of following factors :—

(1) Uneconomic fare structure of DTC.

(2) Rising costs of labour and material inputs.

(3) Concessions given to students and weaker sections of the society through concessional passes.

(4) Heavy interest burden on the loans advanced etc.

The total accumulated losses as on 31-3-91 is. Rs. 64551·10 lakhs (provisional).

राजमार्गों पर यात्रियों को सुविधायें दिया जाना

2576. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार यात्रियों को राजमार्गों पर कम से कम प्रत्येक 100 किलो मीटर के अन्तराल पर सुविधायें प्रदान करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश में इस प्रकार से पहले ही दी जा चुकी सुविधाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस प्रयोजनार्थ उत्तर प्रदेश के किन-किन स्थानों का पता लगाया गया है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी, हां ।

(ख) इस समय उत्तर प्रदेश में कोई मार्गस्थ सुविधायें चालू नहीं हुई हैं ।

(ग) उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित स्थानों को मार्गस्थ सुविधायें सुलभ कराने के प्रयोजनार्थ चुना गया है ।

सरकारी क्षेत्र की स्कीम के अंतर्गत :

(i) एन एच-2 के कानपुर-वाराणसी खंड पर 115 कि० मी० खागा के समीप ।

(ii) एन एच 29 पर गाजीपुर ।

(iii) एन एच 29 पर दोहरी घाट ।

निजी क्षेत्र की स्कीम के अंतर्गत : (जिसके लिए संबंधित पार्टियों को आशय पत्र जारी कर दिए गए हैं)

(i) गढ़ मुक्तेश्वर से लखनऊ खंड में दिल्ली से 131 कि० मी० एन० एच–24

(ii) सीतापुर की तरफ बरेली से 35 कि० मी०–एन एच-2

(iii) वाराणसी की तरफ इलाहाबाद से 32 कि० मी० एन० एच–2

(iiv) बरेली-रामपुर खंड पर 192.60 कि० मी०, एन एच–24

(v) पूर्वी बनारस 86 मि० मी० एन एच–56

(vi) दिल्ली-गढ रोड से 100 कि० मी० एन एच–24

सड़कों के अंतर्राज्यीय और आर्थिक महत्व को निर्धारित करना

2577. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सड़कों के अंतर्राज्यीय और आर्थिक महत्व को निर्धारित करने के क्या मानदण्ड हैं ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत किए गए निर्माण कार्य का ब्यौरा क्या है और यह कार्य किन-किन क्षेत्रों में किया गया है ; और

(ग) उत्तर प्रदेश के उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जहां इस योजना के अधीन 1991–92 के दौरान निर्माण कार्य किया जा रहा है ?